सार-समाचार

चेटीचंड महोत्सव पर शोभायात्रा आज

शाहपुरा, (निसं)। पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा की ओर से असू चेटीचंड महोत्सव का आयोजन शाहपुरा में 4 अक्टूबर 24 शुक्रवार समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। महोत्सव को लेकर तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया गया है। शुक्रवार को दिन भर धार्मिक कार्यक्रम होगें। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल लखपतानी ने बताया कि शुक्रवार को प्रात: 9.30 बजे सिंधी समाज के नवयुवकों द्वारा वाहन रेली निकाली जायेगी। जो दिलखुशाल बाग स्थित झूलेलाल मंदिर से रवाना होकर बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट, सिंधी कॉलोनी, सिंधी धर्मशाला, भीलवाड़ा रोड़, बस स्टेड, बालाजी की छतरी होकर पुन: झूलेलाल मंदिर पर संपन्न होगी। रैली में पुरूष के लिए डेस कोड सफेद रंग का कुर्ता पायजामा या सफेद शर्ट ही पहन शामिल होगें। उन्होंने बताया कि अपरान्ह 2 बजे दिलखुशाल बाग स्थित झूलेलाल मंदिर में झंडारोहण, भजन कीर्तन, सत्संग, प्रसाद वितरण व छेज तथा पूज्य बहराणा साहब का आयोजन। समाज के सभी महिला पुरूष इस समय मन्दिर पहुंचेगें ताकि सांयकाल की शोभायात्रा को भव्य बनाया जा सके।

6 को भजन संध्या का आयोजन

अजमेर, (कासं)। हर वर्ष की तरह इस साल भी एसएम लोढ़ा फाउंडेशन की ओर से 6 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रख्यात भजन गायक गौतम काले कार्यक्रम में मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे। स्मृति महेता, तृप्ति जैन ने बताया किएसएम लोढ़ा फाउंडेशन की ओर से 6 अक्टूबर को अजमेर मे राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के राजीव गांधी सभागार मे शाम को साढे सात बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम सेठ संपतमल लोढा की याद मे हर साल किया मनाया जाता है। पीटी गौतम काले जीवंत युवा शास्त्रीय गायक, पं. गौतम काले, मेवाती घराने के प्रतिपादक, संगीत मार्तंड पद्म विभूषण पंडित के शिष्य हैं। संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रतिष्ठित' उत्तर बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' - 2019 के प्राप्तकर्ता जसराज एक बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होने बताया कि शास्त्रीय और भव्य तत्व का यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण, भक्ति संगीत को प्रस्तुत करता है, जो उनके गायन को मधुर और मंत्रमुग्ध कर देता है।

शुष्क दिवस पर शराब पकड़ी

अजमेर, (कासं)। आबकारी विभाग के द्वारा शुष्क दिवस के अवसर पर शराब की बिक्री रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियान एवं शुष्क दिवस की पालना सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त राधेश्याम डेलू तथा जिला आबकारी अधिकारी महावीर सिंह के निर्देशन में गठित दल द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। संयुक्त रेड के दौरान दुष्यंत सिंह राठौड़ आबकारी निरीक्षक ग्रामीण एवं सुरेन्द्र सिंह जोधा प्रहराधिकारी अजमेर ग्रामीण की टीम ने अर्जुनपुरा जागीर (पड़त दुकान क्षेत्र) एवं ढीमड़ा बेरा भांवता में रेड करके अवैध शराब एवं हथकढ़ शराब बरामद की। मौके से 2 कार्टून में 76 पव्वे सादा देशी मदिरा एवं 70 बोतल हथकढ़ शराब पकड़ी गई। संबंधित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1950 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत दो अभियोग दर्ज किए गए।

बिजली लाइन के छूने से दो की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के आसींद थाने के ईरास पंचायत मुख्यालय पर जोगणिया माता जा रहे पैदल यात्रियों में से कुछ यात्रियों ने झंडा ले रखा था। झंडे की पाइप स्टील की होने के कारण ऊपर से गुजर रही 11 हज़ार केवी की लाइन को छू गया। जिससे मौके पर ही एक जने की मौत हो गई एवं चार जने घायल हो गये, घायलों को रायला सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने बताया कि आसींद थाना क्षेत्र के करजालिया ग्राम पंचायत के चेना का खेड़ा के बैरवा समाज के 15 से 20 लोग सुबह खर घर से ग्रुप में निकले जो ईरास बस स्टैंड पर पहुंचे ही थे कि लगभग 11 बजे ऊपर से गुजर रही बिजली के तार को झंडा छू लिया, जिसमें चेना का खेड़ा निवासी ईश्वर (22) पिता सोहन बैरवा की मौत हो गई।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली आज

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर वेस्ट एवम् पृथ्वीराज के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए शुक्रवार को मध्यान्ह 12.15 बजे ठठेरा चौक स्थित रामायण मंडल श्रीराम विद्यालय से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। डिस्ट्रीक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय कार्यक्रम के तहत आमजन में बेटियों के प्रति फैली भ्रांति को दूर करने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा हैं । रैली को संभागीय अध्यक्ष लायन अमितप्रभा शुक्ला एवम महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगी। क्लब अध्यक्ष लायन चरणप्रकाश गुप्ता ने बताया कि रैली में विद्यालय के छात्र छात्राएं हाथो में तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए चलेंगे। रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई पुन: विद्यालय में समाप्त होगी।

रामचरितमानस पाठ शुरू

ब्यावर, (निसं)। नवरात्रा के पावन अवसर पर मीरा मंदिर चंपानगर में चंपा नगर विकास समिति एवं श्री राम रामायण मंडल के तत्वाधान में नवान्ह परायण रामचरितमानस पाठ का प्रारंभ बालकांड से शुरू हुआ। श्री रामचरितमानस पाठ प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से प्रारंभ होकर 5:00 बजे तक होगा। मंडल सचिव सुंदर सिंह खींची ने बताया कि आज की पाठ प्रारंभ पूजा मंडल अध्यक्ष राजकुमार आत्रेय व तेज नारायण व्यास द्वारा छगन लाल गहलोत से सपत्नीक करवाई। आज के पाठ में राम गोपाल वैष्णव,अनिल धाकड़, गणपत लाल शर्मा,सूर्य प्रकाश परिहार ,जी आर जलवानिया, दिनेश सिंहल कृष्ण मोहन जोशी, राधाकृष्ण , बिपिन ,निक्की, विकास, छगन ,योगेश, ललित, आदित्य , रेखा जोशी, कुसुम गहलोत , भैरू भाई आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

विद्युत व्यवस्था रहेगी बाधित

ब्यावर, (निसं)। विद्युत लाइनों की आवश्यक रख रखाव व मरम्मत के चलते शुक्रवार को 33/11 केवीए गोविंदपुरा जीएसएस से जुड़े 11 केवीए सेंदड़ा रोड फीडर की विद्युत व्यवस्था सुबह 9 से दोपहर 02 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान अजगर बाबा थान, आईओसी कॉलोनी, जालिया रोड, सेंदड़ा रोड ,मूलचंद नगर, मोती नगर, जाजोदिया नगर, सेठ सवारियां कॉलोनी,मयूर कॉलोनी,महावीर कॉलोनी,सूर्यमहल होटल के पीछे के क्षेत्र सहित अन्य इलाकों की बिजली बंद रहेगी।

माता के जयकारे गूंजे

सरवाड़, (निसं)। शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही मंदिरों व घरों पर श्रद्धालु माता रानी की आराधना की वहीं घर-घर घट स्थापना की गई कई भक्त नवरात्र के प्रथम एवं अंतिम दिन निराहार रहकर व्रत करेंगे तो कहीं वक्त नौ दिन तक निराहार रहकर माता की अखंड रूप से आराधना करेंगे वहीं शहर स्थित बंक्यारानी माता मंदिर में श्रद्धालुओं का अलसुबह से भीड़ देखने को मिली।

अमूल आइसक्रीम के गोदाम में आग लगी

अजमेर, (कासं)। शास्त्री नगर स्थित आइसक्रीम के गोदाम में गुरुवार को आग लग गई। आग लगने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

शास्त्री नगर निवासी सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि गुरुवार सुबह कालोनी में पोस्ट ऑफिस के पास स्थित अमूल आइसक्रीम की एजेंसी का गोदाम है। शॉर्ट सर्किट के चलते गोदाम में आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ इकठ्ठी हो गई। क्रिश्चियन गंज थाने के हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह ने बताया कि आईक्रीम का गोदाम प्रकाश गुरनानी नाम के व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था, जिन्होंने अमूल एजेंसी ले रखी है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। नुकसान कितना हुआ इसे लेकर जांच की जा रही है। क्षेत्रवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गोदाम के पास ही गैस गोदाम भी है। गनीमत रही की आग ने विकराल रूप नहीं लिया।उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की प्रशासन से मांग है कि कमर्शियल एक्टिविटी को शहर से दूर रखा जाए।

'मानवीय संसाधन की भूमिका महत्वपूर्ण लेकिन शिक्षा व कौशल से युक्त होना जरूरी'

नागौर, (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में युवा उद्यिमता प्रोत्साहन कार्यक्रम संपन्न हुआ स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में युवा व उद्यमी व्यापारियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर मंच के कार्य को विस्तार देने के निमित्त कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व सौंपे गये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागौर जिला संघचालक मुकेश भाटी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मसाला बोर्ड के सदस्य व लघु उद्योग भारती के जिला संरक्षक भोजराज सारस्वत द्वारा की गई जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला रोजगार अधिकारी राघवेंद्र सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक रीको मनीष यादव रहे। कार्यक्रम कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सहसंयोजक डॉ धनपत अग्रवाल का मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

सैनिक क्षित्रय माली समाज भवन, डीडवाना रोड में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ अग्रवाल ने कहा कि 142 करोड़ वाले भारत देश में 60 करोड लोग वर्किंग पर है जबकि 80 करोड़ नागरिक वर्किंग करने वालों पर आश्रित है। भारत में चार से पांच करोड़ नागरिकों को अधिकतम सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी दिया जाना संभव है जबकि 55 करोड लोगों के लिए स्वरोजगार ही अपेक्षित है। 2047 तक विकसित राष्ट्र के स्वरूप की दृष्टि से नीति, धर्म, संस्कृति आध्यात्मिक से जहां परिपूर्णता चाहिए वहीं जीरो प्रतिशत पर्यावरण प्रदूषण, भ्रष्टाचार शून्यता के अलावा शांति व सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है।

भारतीय विचारधारा सदैव शोषण नहीं पोषण के तरीके पर बल देती रही है। इस समय संसार की अर्थव्यवस्था 105 ट्रिलियन डॉलर की है जिसमें भारत अपनी 18 प्रतिशत जनसंख्या के साथ मात्र 3.5 प्रतिशत आर्थिक सहभागिता रखता है। वर्तमान समय में मानवीय संसाधन की भूमिका बढ़ रही है। भौतिक, मानवीय व पूंजीगत संसाधन में भारत में मानवीय जनसंख्या हमारी कमजोरी भी है अगर वे बेरोजगार हैं वहीं हमारी क्षमता भी है अगर वे स्वावलंबन व स्वदेशी भाव से ओतप्रोत है। इस जनसंख्या को शिक्षा व कौशल

■ स्वदेशी जागरण मंच का युवा उद्यिमता प्रोत्साहन कार्यक्रम संपन्न,युवा व उद्यिमयों की रही सहभागिता

से युक्त करके नए युग के अनुसार ढालने की आवश्यकता है तभी यह युवा शक्ति से ओतप्रोत जनसंख्या हमारे लिए सर्वाधिक शक्तिपरक कारक होगा। अमेरिका भौतिक संपदा अधिकार यानि आई.पी.आर. के द्वारा विश्व में सर्वाधिक अर्थव्यवस्था वाला देश है जिसमें भारत की प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है।

स्वदेशी व स्वावलंबन आधारित दृष्टिकोण विकसित करने से प्रतिभा अपनी क्षमताओं का उपयोग भारत में ही कर सकने में सक्षम होगी। इसी आधार पर सक्षम व समृद्ध भारत का निर्माण होगा।

इस अवसर पर अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक रिको मनीष यादव ने कहा कि नागौर में 7 रीको क्षेत्र है जिसमें तीन जिला मुख्यालय पर है। नागौर में 16 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय उद्यिमता से संबंधित व 22 अक्टूबर को डीडवाना में निवेश को प्रोत्साहन देने का कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार राजस्थान में 9 व 10 दिसंबर को वैश्विक स्तर पर निवेशक सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिको में भूखंड आवंटन में महिलाओं को 25 व दिव्यांग व पूर्व सैनिकों को 50- 50 प्रतिशत शुल्क छूट प्रदान की जाती है। सरकार द्वारा स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों के साथ-साथ मुद्रा लोन से संबंधित कार्यों पर भी बल दिया जा रहा है। किसी भी युवा को स्वरोजगार से संबंधित कार्य के निमित्त सहयोग व मार्गदर्शन करने के लिए रीको पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

अपने संबोधन में जिला रोजगार अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय आर्थिक दृष्टि से संक्रमण काल है। जहां विश्व में तकनीकी क्षेत्र में तीव्रता से वृद्धि हो रही है जिससे वैश्विक संपर्क बहुत आवश्यक हो गया है। विश्व के लगभग सभी देश आर्थिक संकट की स्थिति में है। इसलिए विशेष रूप से युवाओं में भविष्य कालीन आर्थिक जागरूकता आवश्यक है।

बुलेट चोरी मामले में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसपी वंदिता राणा द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कोतवाली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में गत दिनों हुई बुलेट चोरी मामले में दो शातिर बदमाशों को देवगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात अंजाम देने कबूला है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड खंगालने के साथ ही पूछताछ जुटी है।

कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 13 सितंबर को प्रभात गली बापूनगर निवासी कौशल सोनी ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। मामले में मुकदमा दर्ज का टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। टीम सीसीटीवी के आधार पर राजसमंद और देवगढ़ पहुचीं थी। पुलिस टीम ने सूचना मिलने पर देवगढ़ से आरोपी राजसमंद निवासी उमेद पुत्र दलपत सहित कुलदीप पुत्र गौरी शंकर को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पूर्व में भी चोरी की वारदातों का अंजाम दिया है।

दो दिवसीय मीरा महोत्सव आज से, विधायक ने लिया तैयारियो का जायजा

मेड़ता सिटी, (निसं)। भक्त शिरोमणि मीराबाई स्मारक के 17 वा स्थापना दिवस के अवसर पर मनाए जाने वाले दो दिवसीय मीरा महोत्सव समारोह को लेकर गुरुवार को नवरात्रा स्थापना के दिन मीरा स्मारक मे तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया गया।जानकारी के अनुसार शुक्रवार से दो दिवसीय समारोह मे 4और 5 अक्टूबर को रात्रि मे मीराबाई स्मारक मे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी जिसके मुख्य अतिथि भारत सरकार के संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि, किसान आयोग अध्यक्ष राजस्थान सरकार सी आर चौधरी,पूर्व सांसद राजसमंद गोपाल सिंह ईडवा एवम् मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कालरू होंगे जबकि अध्यक्षता राजस्थान धरोहर प्राधिकरण

■ भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्री गजेंद्र सिंह करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत करेंगे । वही 5 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संत मीराबाई का संगीत एवम् साहित्य पर संगोष्ठी के सयोजक डा रामरतन लटियाल होंगे। जिसमे पद्म सी पी देवल, ब्रजेंद्र कुमार सिंहल, डा. गजेसिंह राजपुरोहित उपस्थित रहेंगे इस समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति अनिल कुमार शुक्ल, विशिष्ट अतिथि मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम और अध्यक्षता ओंकार सिंह लखावत की होगी। रात्रि के सांस्कृतिक समारोह के मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण राम कलरु, विशिष्ठ अतिथि मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल तथा अधिक ओंकार सिंह लखावत रहेंगे। इसमें पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, पद्म अनवर खान सहित केरल के कलाकार द्वारा मीरा नाटिका, दिल्ली के कलाकारों द्वारा भजन, मणिपुर के कलाकारों द्वारा मीरा नृत्य नाटिका सहित गरबा, घूमर, चरी, तेरहताली नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दी जाएगी। ये सभी कार्यक्रम संगीत नाटक एकेडमी,नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण जयपुर के सानिध्य मे किया जायेगा। समारोह को अंतिम तैयारियों को लेकर आज मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने पूरी व्यवस्था का जायजा लिया एवम् तैयारी के संबंधित विभागों दिशा निर्देश भी दिया गया। इसी दौरान विधायक ने महोत्सव का बैनर विमोचन भी किया।

हॉकी टीम को किट प्रदान की

अजमेर, (कासं)। राज्य स्तरीय हॉकी टीम प्रतियोगिताओं के लिए रवाना हुई। 17 और 19 वर्षीय बालक व बालिका हॉकी टीमों में अजमेर के चयनित खिलाडियों को पुलिस लाइन स्थित जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय में किट प्रदान कर उदयपुर, टोंक, जैतारण, पाली व कोटा के लिए रवाना किया और खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। खेल प्रभारी बलराज सिंह चौहान ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अजमेर के चयनित खिलाडियों को टोंक, उदयपुर में 4 से 10 अक्टूबर को 17 और 19 वर्षीय बालक व बालिका वर्ग हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन होगा, जिसमें टीमें भाग लेंगी। इन टीमों को मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ.धनपत अग्रवाल और डॉ. कुलदीप सिंह राजपुरा विभाग सहसंयोजक स्वदेशी जागरण मंच अजमेर, डॉ. संत कुमार प्रांत सहसंयोजक आदि ने किट प्रदान किए।

नवरात्रि के उपलक्ष में 61 दंपतियों ने की घट स्थापना

भीलवाड़ा, (निसं)। गुरूवार सुबह में स्थानीय शाम की सब्जी मंडी के झूलेलाल मन्दिर में झूलेलाल नवयुवक सेवा संस्थान के तत्वावधान में सिंधी समाज के 61 दंपतियों ने शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में वैदिक मंत्रोच्चार से विधि विधानपूर्वक घट स्थापना की।

संस्थान के मिडीया प्रभारी और सिंधी समाज के प्रवक्ता मूलचंद बहरवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में माँ भवानी का पंडित दशरथ मेहता के नेतृत्व में विभिन्न श्लोकों से पूजार्चना कर आव्हान किया गया। इस दौरान चेलाराम लखवानी, हेमन दास भोजवानी, खेमचंद कांजानी, एमडीराम, प्रह्लादराय खोतानी, हीरानंद प्रीतमानी, विजय भोजवानी, मोहन तुलसानी, मनोज भोजवानी, घनश्याम मोतियानी, गुलशन विधानी, दौलत बहरवानी, विजय गुरनानी, नानकराम लालवानी, अम्बालाल नानकानी, कमल हेमनानी, हनुमान लखवानी, वासुदेव मोतियानी, नानकराम लालवानी सहित 61 दंपतियों ने घट स्थापना की। इसके बाद श्री राम भक्त सेवा समिति और सिंधी समाज के गायक बाबूलाल शर्मा के माता व भगवान् झूलेलाल को समर्पित भजनों पर उपस्थिति श्रद्धालु खूब झूमें। इस दौरान माता के ध्वज की भी विधिवत पूजार्चना व पुष्प वर्षा कर उसे श्रद्धालुओं के द्वारा मन्दिर के शिखर पर लहराया गया। कार्यक्रम के अंत में जगदम्बा माँ और भगवान झूलेलाल की 1001 दीपकों से महाआरती कर पल्लव अरदास भी की गई। इस मौके पर भगत टेऊंराम, हीरालाल गुरनानी, हरीश मानवानी, मनोहर बदलानी, कमल पहलाजानी, वासुमल जगवानी, सुरेश भोजवानी, तुलसी सखरानी, प्रकाश रामनानी, राजू नवलानी, किशोर पारदासानी आदि उपस्थित थे।

हजरत दीनाशाह बाबा चढ़ावटा का तीन दिवसीय उर्स 25 से

ब्यावर, (निसं)। शहर के निकट अरावली की पहाड़ियों के बीच चढावटा रूपनगर में स्थित दरगाह हजरत दीनाशाह बाबा (रह. अल.) का 80वां उर्स का आयोजन समारोह पूर्वक किया जाएगा। हिन्दु मुस्लिम एकता प्रतीक उर्स के सफल आयोजन को लेकर हजरत दीनाशाह बाबा गांव चढावटा नौजवान कमेटी के सदर पूर्व प्रधान लाल मोहम्मद संरक्षक जवाब चाचा की सदारत में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनेक सदस्यो ने अपने विचार रखे तथा सफल आयोजन को लेकर सुझाव दिए।

बैठक में सदर ने बताया कि उर्स के दौरान हर धर्म के जायरीन मेले में आते है तथा दीनाशाह बाबा की मजार पर अकीदत के फूल एवं चादर चढ़ाकर मन्नत मांगते है। मेला संयोजक पप्पू काठात ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णयानुसार हजरत दीनाशाह बाबा (रह. अल.) का 80वां उर्स आगामी 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। उर्स का आगाज 25 अक्टूबर 2024 शुक्रवार को दरगाह पर झंडा चढ़ाने के साथ होगा।

उसके बाद दिनांक 26 अक्टूबर 2024 शनिवार को रात्रि 9.00 बजे से महफिले कव्वाली मुकाबले का आयोजन होगा। जिसमें हिन्दुतान के मशहूर कव्वाल एवं कव्वाला अपने-अपने कलाम पेश कर बाबा की शान में कव्वालियां प्रस्तुत करेगे। दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को दिनभर उर्स मेले का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रात: 8.00 बजे से मरहूम फिरोज खान पहलवान की स्मृति में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। मेले की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यो को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौपी गई है। बैठक में मेले में विद्युत व्यवस्था, सजावट, जायरीनो के ठहरने, पेयजल, सफाई, सुरक्षा आदि की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा प्रशासन से उचित व्यवस्था करवाने को लेकर विचार विमर्श करेगे।

बैठक में सदर पूर्व प्रधान रायपुर लाल मोहम्मद, संरक्षक नवाब चाचा, मेला संयोजक पप्पू काठात, कोषाध्यक्ष चांद मोहम्मद, उपाध्यक्ष याकूब अली, साबुद्दीन काठात सरपंच प्रतिनिधि, ईशरान खान, महामंत्री देवकीनन्दन शर्मा, गुलजार राही, चांदमल प्रजापत, मंत्री प्रेम काठात, सालम काठात, क्रीडामंत्री इब्राहीम काठात (सचिव), रज्जाक काठात प्रचार मंत्री, नूरा भाई, कपिल गर्ग, बाबू चाचा, अमीन भाई, अल्लादीन, शकूर भाई, सलीम सउदी, देवी भाई, छोटू भाई, मिश्री, गुलजार, हसमत भाई, इलियास, इकबाल, असलम, स्तन सैन, इशाक, कादर भाई, जग्गू भाई, शाहरूख आई, आरीफ भाई, खलील भाई व दरगाह मुजावर अहमद शाह, रमजान शाह, बाबू शाह आदि उपस्थित रहे।



नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम NILESH MUVEL है। जबकि उसके केन्द्रीय विद्यालय के दस्तावेजो में उसका नाम NILESH दर्ज है जो गलत है। उसके विद्यालय के दस्तावेजो में सही व वास्तविक नाम दर्ज करे।
-मनोहर सिंह, ज्ञानशीला होम प्लेट नम्बर एस/ए-202. गांव डाबी,मांगलिया सांवेर, इन्दोर मध्यप्रदेश, 453771 हाल टावर कॉलोनी नसीराबाद

आम सूचना

मेरी पुत्री श्रीमती निधि दाधीच (24) पत्नी श्री रिभव शर्मा निवासी काली मंदिर के पीछे फॉयसागर रोड अजमेर अपने अस्वीकार्य व्यवहार के कारण मेरे साथ किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखती तथा मेरे निर्देशों का पालन भी नहीं करती है। अत: मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से इस विज्ञप्ति के माध्यम से बेदखल करता हूँ। अब से मेरी किसी भी चल अचल संपति पर मेरी पुत्री श्रीमती निधि दाधीच का कोई अधिकार नहीं होगा। अब मेरी पुत्री के किसी भी कार्य, व्यवहार या वितीय लेनदेन के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा और मेरा परिवार किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगा।
जरिये अधिवक्ता- गोपाल दत्त शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री हरिवल्लभ शर्मा निवासी गणेश मन्दिर के पीछे शिवजी नगर मदनगंज-किशनगढ़, जिला-अजमेर

मसूदा स्थित राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय के हाल बेहाल

मसूदा, (निसं)। गुरुवार को विभागीय अधिकारियों ने मानी चिकित्सकों की लापरवाही कहा की जाएगी कार्रवाई।सरकार लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भले ही हर संभव प्रयासरत हो परंतु लगता है कि आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग के कर्मचारी अधिकारी मरीजों की अनदेखी कर न केवल लोगों के प्रति उपेक्षित रवैया ही अपना रहे हैं अपितु सरकार की मंशा पर पानी फेरने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक ऐसा ही मामला।आयुर्वेद विभाग एवं भारतीय चिकित्सा विभाग के मसूदा स्थित राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय का है, जहां पर भले ही सभी अधिकारी अथवा जन प्रतिनिधि मौजूद रहते होंगे परंतु आयुर्वेद विभाग के चिकित्सकों का चिकित्सालय में आयुर्वेद चिकित्सक सहित तीन चिकित्सक कों की नियुक्ति कर रखी है पर चिकित्सकों का चिकित्सालय में आना या नहीं आना उनकी मनमर्जी पर निर्भर करता है। आयुर्वेद चिकित्सालय के चिकित्सकों की मनमर्जी का आलम तो यह है कि चिकित्सालय की चाबी उनके पास नहीं रहती अपितु किसी अन्य के पास रहती हैं जो चिकित्सक के कहने पर चिकित्सालय का खुल जाना और बन्द हो जाना इसी के अनुसार चिकित्सालय का संचालन होता हैं।

यह कोई कपोल कल्पित बात नहीं है अपितु मसूदा के राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में दो दिन से आ रहे मरीजों को बैरंग लौटने को लेकर इस चिकित्सालय के चिकित्सकों के बारे में ली गई जानकारी इसका महत्वपूर्ण प्रमाण कहा जा सकता हैं। आपको बता दें कि एक दिन पूर्व 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं आज 3 अक्टूबर को नवरात्र स्थापना के राजकीय अवकाश होने से चिकित्सालय के खुलने का 2 घंटा यानी 9:00 बजे से 11:00 तक का समय होना स्वाभाविक है। परंतु चिकित्सालय में चिकित्सक के नदारद मिलने से मरीजों को भटकते देखा गया। आश्चर्य तो इस बात का है कि इस दौरान चिकित्सा ले का मुख्य द्वार एवं चिकित्सा कक्ष दोनों ही खुले हुए थे पर चिकित्साक एक भी नहीं था।